
## खण्ड क

**1.** समान लंबाई और समान अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल के $\rho_1$ एवं $\rho_2$ प्रतिरोधकताओं के भिन्न-भिन्न पदार्थों से बने दो तारों को श्रेणीक्रम में जोड़ा गया है। इस संयोजन की तुल्य प्रतिरोधकता है :

(A) $\frac{1}{2}(\rho_1 + \rho_2)$ (B) $\rho_1 + \rho_2$

(C) $\sqrt{\rho_1 \rho_2}$ (D) $2(\rho_1 + \rho_2)$

**2.** $m_1$ एवं $m_2$ द्रव्यमान के दो कण जिन पर आवेश क्रमश: $q_1$ एवं $q_2$ हैं समान वेग से किसी एकसमान चुंबकीय क्षेत्र $\vec{B}$ में प्रक्षिप्त किए जाते हैं जिसकी दिशा ऊर्ध्वाधरत: ऊपर की ओर है। यदि ये कण चित्र में दर्शाए अनुसार वृत्ताकार पथों पर गति करते हैं, तो यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि :




(A) $\frac{m_1}{m_2} > \frac{q_1}{q_2}$ (B) $\frac{m_1}{m_2} > \frac{q_2}{q_1}$

(C) $\frac{m_1}{m_2} < \frac{q_1}{q_2}$ (D) $\frac{m_1}{m_2} < \frac{q_2}{q_1}$

**3.** कोई इलेक्ट्रॉन किसी नाभिक के परित: r त्रिज्या की वृत्ताकार कक्षा में इसकी परिक्रमा कर रहा है और प्रति सेकंड n परिक्रमाएँ पूरी करता है। कक्षा में तुल्य धारा का मान है :

(A) $\frac{e}{n}$ (B) ne


(C) $\frac{ne}{r}$ (D) $\frac{e}{nr}$

**4.** चुंबकीय अभिवाह (फ्लक्स) के परिवर्तन की दर की विमाएँ हैं :

(A) $[M\, L\, T^{-3}\, A]$ (B) $[M\, L^2\, T^{-3}\, A^{-1}]$

(C) $[M\, L^2\, T^{-2}\, A^{-1}]$ (D) $[M\, L^2\, T^{-3}\, A^{-2}]$

**24.** नीचे दिए गए चित्र में एक वर्गाकार लूप MNOP दर्शाया गया है जिसकी प्रत्येक भुजा 25 cm है। लूप को ऊर्ध्वाधरत: नीचे की ओर दिष्ट किसी एकसमान चुंबकीय क्षेत्र $\vec{B}$ में क्षैतिजत: रखा गया है। चित्र में t = 0 s पर लूप की स्थिति दर्शाई गई है। लूप को 25 cm/s के अचर वेग से तब तक खींचा जाता है जब तक कि यह क्षेत्र से बाहर नहीं निकल जाता।




(क) लूप जब क्षेत्र से बाहर जाता है, तो इसमें प्रेरित धारा की दिशा क्या होगी ? लूप में धारा कितनी देर बनी रहेगी ?

(ख) चुंबकीय फ्लक्स एवं प्रेरित विद्युत-वाहक बल (emf) के परिमाण में परिवर्तन को समय के फलन के रूप में दर्शाते हुए ग्राफ आलेखित कीजिए। *3*

**25.** अवरक्त तरंगें क्या होती हैं ? इन तरंगों को 'ऊष्मा तरंगें' क्यों कहा जाता है ? इन तरंगों के कोई दो उपयोग दीजिए। *3*

**26.** (क) व्याख्या कीजिए कि दे ब्रॉग्ली संबंध में द्रव्य की द्वैती प्रकृति कैसे प्रमाणित होती है।

(ख) किसी प्रकाश-सुग्राही पृष्ठ पर $\lambda$ तरंगदैर्ध्य के विकिरण आपतित हैं। इस पृष्ठ से उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों का दे ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्य ज्ञात कीजिए। यह मान लीजिए कि पृष्ठ का कार्य फलन नगण्य है। *3*

**27.** नाभिकीय अभिक्रिया में :

$${}^{2}_{1}H + {}^{2}_{1}H \rightarrow {}^{A}_{2}X + {}^{1}_{0}n$$

(क) A का मान ज्ञात कीजिए।

(ख) अभिक्रिया में विमुक्त ऊर्जा के परिमाण का परिकलन कीजिए। *3*

दिया गया है : $m\left({}^{2}_{1}H\right) = 2{\cdot}014102\ u,\ m\left({}^{A}_{2}X\right) = 3{\cdot}016049\ u$

$$m\left({}^{1}_{0}n\right) = 1{\cdot}008665\ u,\ 1\ u = 931{\cdot}5\ MeV/c^2$$

**28.** एक परिपथ आरेख की सहायता से पूर्ण तरंग दिष्टकारी की कार्यविधि समझाइए। निवेशी और निर्गत तरंगरूपों का चित्रण कीजिए। *3*

